संपादकीय

# पॉक्सो के असर पर बहस

**बदलापुर की घटना ने पोक्सो के असर पर बहस छेड़ दी है। बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए ये कानून 2012 में बना था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है।**

**बॉम्बे हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद बदलापुर कांड को लेकर आयोजित विपक्ष का महाराष्ट्र बंद टल गया, लेकिन इस घटना को लेकर राज्य में फैले आक्रोश पर विराम नहीं लगा है। इस घटना से जाहिर हुआ कि स्कूलों में बच्चियों की सुरक्षा आज भी कितनी लचर है। यह टिप्पणी खुद अदालत ने की है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, तो फिर शिक्षा के अधिकार का क्या मतलब रह जाता है।**

**महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में स्थित एक स्कूल में प्री-प्राइमरी क्लास में पढ़ने वाली चार साल की दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न होने की खबर आई। बताया जाता है कि ये घटना स्कूल के टॉयलेट में 12 और 13 अगस्त को हुई। यौन उत्पीड़न का आरोप स्कूल में काम करने वाले क्लीनर अक्षय शिंदे पर लगा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की। पुलिस ने 16 अगस्त को जाकर एफआईआर दर्ज की। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ये खबर फैलते ही बदलापुर में जन आक्रोश भड़क उठा।**

**हजारों लोगों की भीड़ ने इंसाफ की मांग करते हुए वहां के रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया, जिस वजह से घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया और कुछ लोग गिरफ्तार किए गए, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।**

**इस घटना ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट (पॉक्सो) के असर पर बहस छेड़ दी है। नाबालिग बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए ये कानून 2012 में बनाया गया था। लेकिन साफ है कि इस कानून पर उचित अमल सुनिश्चित करने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। पॉक्सो बहुत कठोर कानून है, लेकिन ट्रेनिंग और जागरूकता के लिहाज से जो होना चाहिए, वह नहीं हो पाया रहा है। हर ऐसी वीभत्स घटना के बाद अधिक सख्त कानून की मांग उठती रही है। 2012 के बाद ऐसे कई कानून बनाए गए। लेकिन उन कानूनों पर अमल सुनिश्चित ना हो, तो उनकी उपयोगिता क्या रह जाएगी? बदलापुर की घटना ने फिर ये सवाल हमारे सामने ला खड़ा किया है।**

# सितंबर महीने में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली**




अगस्त के समाप्त होने और सितंबर के आगमन के साथ, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आगामी महीने के लिए बैंक हॉलिडे की सूची जारी कर दी है। रिजर्व बैंक के कैलेंडर के अनुसार, विभिन्न त्योहारों और जयंती के कारण सितंबर में सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के बैंक कुल 15 दिन बंद रहेंगे।

फेस्टिव सीजन की शुरुआत के साथ, कई राज्यों में गणेश चतुर्थी, बारावफात, ईद-ए-मिलाद-उल-नबी जैसे प्रमुख त्योहारों के चलते बैंकों में अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त, दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार की छुट्टियों को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है। यदि आप सितंबर में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम निपटाना चाहते हैं, तो इन छुट्टियों की सूची को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बना लें। रिजर्व बैंक ने राज्यों के अनुसार बैंक अवकाश की अलग-अलग लिस्ट जारी की है।

सितंबर 2024 में इन-इन दिनों बैंक रहेंगे बंद

1 सितंबर, 2024 रविवार होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहने वाला है।

4 सितंबर, 2024 श्रीमंत शंकरदेव की तिरोभाव तिथि पर गुवाहाटी में बैंक बंद रहने वाला है।

7 सितंबर, 2024 गणेश चतुर्थी के कारण अहमदाबाद, बेलापुर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, नागपुर, और पणजी में बैंक बंद रहने वाले हैं।

8 सितंबर, 2024 रविवार के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेगा।

14 सितंबर, 2024 दूसरे शनिवार के कारण पूरे देश में बैंकों में अवकाश रहेगा।

15 सितंबर-2024 रविवार के कारण बैंक बंद रहने वाले हैं।

16 सितंबर, 2024 बारावफात के मौके अहमदाबाद, आइजोल, बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, देहरादून, हैदराबाद, इंफाल, जम्मू, कानपुर, लखनऊ, कोच्चि, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, रांची, श्रीनगर और त्रिवेंद्रम में बैंकों में अवकाश रहेगा।

17 सितंबर, 2024 मिलाद-उन-नबी के कारण गंगटोक और रायपुर में बैंक बंद रहेंगे।

18 सितंबर, 2024 पंग-लहबसोल की वजह से गंगटोक में बैंक बंद रहेंगे।

20 सितंबर, 2024 ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर जम्मू और श्रीनगर के बैंक बंद रहेंगे।

21 सितंबर, 2024 श्री नारायण गुरु समाधि दिवस पर कोच्चि और त्रिवेंद्रम में बैंक बंद रहने वाला है।

22 सितंबर, 2024 रविवार के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

23 सितंबर,2024 महाराजा हरिसिंह के जन्मदिन के कारण जम्मू और श्रीनगर में बैंकों में अवकाश रहने वाला है।

28 सितंबर, 2024 चौथे शनिवार के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेगा।

29 सितंबर, 2024 रविवार के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहने वाला है।

# अदाणी पोर्ट ने एस्ट्रो ऑफशोर में 185 मिलियन में खरीदी 80 प्रतिशत हिस्सेदारी

**अहमदाबाद**

अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने ग्लोबल ओएसवी (ऑफशोर सपोर्ट वेसल) संचालक एस्ट्रो ऑफशोर में 185 मिलियन डॉलर में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। यह एक ऑल-कैश डील थी।

एस्ट्रो के आने से अदाणी पोर्ट्स के ग्लोबल मरीन पोर्टफोलियो को बढ़ाने में मदद मिलेगी और इससे टियर-1 के ग्राहकों को जोडऩे में मदद मिलेगी।

अदाणी ग्रुप की कंपनी की ओर से कहा गया कि इस ट्रांजैक्शन का उद्यम वैल्यू 235 मिलियन डॉलर है। पहले वर्ष से ही कंपनी की फाइनेंसियल पर इसका असर देखने को मिलेगा।

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एस्ट्रो का अधिग्रहण हमारे रोडमैप दुनिया के सबसे बड़े मरीन ऑपरेटर बनने के लक्ष्य के तहत किया गया है। एस्ट्रो के अधिग्रहण से हमारी मौजूदा 142 टग और ड्रेजर के वर्तमान बेड़े में 26 ओएसवी जुड़ेंगे। इसके बाद हमारे बेड़े के आकार बढक़र 168 हो जाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि इस अधिग्रहण से टियर-1 ग्राहकों तक कंपनी को पहुंचने में मदद मिलेगी। इससे अरब सागर, भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी एशिया के बाजार पर पकड़ मजबूत होगी।

एस्ट्रो मध्यपूर्व, भारत, पूर्वी एशिया और अफ्रीका में एक ग्लोबल ओएसवी ऑपरेटर है। 30 अप्रैल 2024 को एस्ट्रो ने 95 मिलियन डॉलर की आय और 41 मिलियन डॉलर का ईबीआईटीडीए दर्ज किया था। कंपनी का नेट कैश पॉजिटिव है।

अदाणी पोर्ट्स देश की सबसे बड़ी पोर्ट डेवलपर और ऑपरेटर हैं। कंपनी के देश में 15 स्थानों पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पोर्ट और टर्मिनल हैं।

अदाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 3,107 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। इस दौरान कंपनी की आय 7,560 करोड़ रुपये रही थी।

# आम आदमी पर महंगाई की मार: महीने के पहले ही दिन बढ़े एलपीजी सिलेण्डर के दाम

**नई दिल्ली**

सितंबर महीने के पहले ही दिन आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ी है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेण्डर की कीमतों में इजाफा किया है। हालांकि, इस बार भी 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बदले हैं।

दिल्ली में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 39 रुपये तक महंगा हो गया है।

दिल्ली में दाम 1691.50 रुपये हो गए हैं, जबकि पहले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 1652.50 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में यह 38 रुपये बढक़र 1802.50 रुपये में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1764.50 थे।

मुंबई में सिलेंडर 1605 रुपए से 39 रुपए बढक़र 1644 रुपए का हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1855 रुपए का मिल रहा है। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

# अप्रैल-जुलाई में यूपीआई से हुआ 81 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन

**नई दिल्ली**




यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से अप्रैल-जुलाई की अवधि में 81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। इसमें सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ग्लोबल पेमेंट्स हब पेसिक्योर की ओर से जारी किए गए लेटेस्ट डेटा में कहा गया है कि यूपीआई से प्रति सेकंड 3,729.1 लेनदेन हो रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 2,348 लेनदेन प्रति सेकंड था। इस दौरान यूपीआई से लेनदेन में 58 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक यूपीआई लेनदेन की संख्या के मामले में भारत, चीन के अलीपे, अमेरिका के पेपाल और ब्राजील के पिक्स से काफी आगे निकल गया है।

जुलाई में यूपीआई से कुल 20.6 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए। यह अब तक दर्ज किया गया यूपीआई लेनदेन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके अलावा यूपीआई से होने वाले लेनदेन की कुल वैल्यू लगातार तीन महीने से 20 लाख करोड़ रुपये के ऊपर बनी हुई है। पेसिक्योर की ओर से यह डेटा दुनियाभर के शीर्ष वैकल्पिक भुगतान के तरीकों में से 40 की जांच करने के बाद जारी किया गया है।

पेसिक्योर के डेटा के मुताबिक, दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में भारत शीर्ष पर है। यहां 40 प्रतिशत के करीब लेनदेन डिजिटल तौर पर किए जाते हैं। डिजिटल भुगतान करने के लिए लोग सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ दिलीप अस्बे ने कहा कि क्रेडिट ग्रोथ के साथ अगले 10 से 15 वर्षों में यूपीआई से होने वाले लेनदेन की संख्या 100 अरब पहुंचने की संभावना है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि हमारा फोकस यूपीआई और रुपे कार्ड को वैश्विक स्तर पर ले जाना है। इसके लिए विदेशों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

# भारतीय क्रिकेटर के नाम है सबसे बड़ा रिकॉर्ड, 16 सालों में कपिल देव कभी नहीं हुए रन आउट

**नईदिल्ली**



क्रिकेट के खेल में कई ऐसे रिकॉर्ड्स हैं, जिन्हें जानकर फैंस दंग रह जाते हैं. आज हम आपको भारतीय क्रिकेटर के एक ऐसे ही रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे. जहा, सोच कर देखिए कि एक खिलाड़ी ने 16 साल तक टेस्ट क्रिकेट खेला, लेकिन वो कभी भी रन आउट नहीं हुआ. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये क्रिकेटर है कौन, जिसे विपक्षी टीम टेस्ट फॉर्मेट में कभी रन आउट नहीं कर पाई.

सस्पेंस खत्म करते हैं और आपको बताते हैं... अपने करियर में एक भी बार रन आउट ना होने वाला क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि 1983 में भारत को पहला वर्ल्ड कप खिताब जिताने वाले कप्तान कपिल देव हैं. कपिल देव की गिनती दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ियों में होती है.

कपिल देव ने भारत के लिए साल 1978 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया. कपिल देव ने अपने इंटरनेशनल करियर का आखिरी क्रिकेट मैच साल 1994 में खेला था.

कपिल देव अपने टेस्ट करियर में 25 बार बोल्ड, 84 बार कैच आउट, 28 बार बिहाइंड कैच, 20 बार एलबीडब्ल्यू आउट हुए. बताते चलें, वनडे क्रिकेट में भी कपिल देव के रिकॉर्ड शानदार हैं, लेकिन वहां वह कुल 10 बार रन आउट का शिकार हुए.

भारत को पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले कपिल देव ने भारत के लिए 131 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 31.05 के औसत और 8 शतकों की मदद से 5248 रन बनाए हैं. वहीं, 29.64 के औसत से 434 विकेट अपने नाम किए. इसके अलावा, पूर्व कप्तान ने 225 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 23.79 के औसत से 3783 रन बनाए और 253 विकेट भी चटकाए.

बताते चलें, कपिल देव ने अपने करियर में वैसे तो कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की, लेकिन 1983 में जिस तरह उन्होंने एक अंडरडॉग टीम इंडिया को इंग्लैंड की मेजबानी में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में खिताबी जीत दिलाई, वह ना केवल उस टीम बल्कि हर भारतीय क्रिकेट फैन के लिए सबसे बड़ी याद है.

# बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**न्यूयॉर्क**

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी ने ऑस्ट्रेलियाई चेक जोड़ी जॉन पीयर्स और कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर यूएस ओपन के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना और सुत्जियादी ने कोर्ट 12 पर एक घंटे 13 मिनट तक चले मैच में पीयर्स और सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5), 10-7 से हराया।

3 सितंबर को होने वाले क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना का सामना मैथ्यू एबडेन से होगा, जिन्होंने चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ जोड़ी बनाई है।

इससे पहले, बोपन्ना और सुत्जियादी ने डेमी शूर्स और टिम पुट्ज़ की डच-जर्मन जोड़ी को 98 मिनट में 7-6, 7-6 से हराया और फिर रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया।

इससे पहले, शुक्रवार को पुरुष युगल में, बोपन्ना और उनके




ऑस्ट्रेलियाई साथी एबडेन ने रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से 60 मिनट में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था।

मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना और एबडेन रविवार को पुरुष युगल के अंतिम 16 के मुकाबले में अर्जेंटीना के एंड्रेस मोल्टेनी और मैक्सिमो गोंजालेज की जोड़ी से भिड़ेंगे।

भारत के युकी भांबरी और फ्रांसीसी अल्बानो ओलिवेटी की एक अन्य पुरुष युगल जोड़ी, जिन्होंने दूसरे दौर में ऑस्टिन क्राजिसेक और जीन-जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी-डच जोड़ी को हराया था, रविवार को ग्रैंडस्टैंड में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेनिश-अर्जेंटीना की जोड़ी मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस से भिड़ेगी।

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। दिनभर के कामों से आलस्य महसूस होगा परन्तु आप मेहनत से पीछे नही हटेंगे।

***वृष:*** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। फैमिली का माहौल अगर खराब है तो अपनी समझदारी से और हंसमुख स्वभाव से परिवार का माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे।

***मिथुन:*** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे।

***कर्क:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन-मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा।

***कन्या:*** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे।

***वृश्चिक:*** आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से ख़ुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी करमचारियों को पदोन्नति हासिल होगी।

***धनु:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य होने से आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है।

***मकर:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है । आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें ।

***मीन:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं।

# सलमान खान और उनके भांजे का गाना यू आर माइन जारी, अभिनेता ने लगाए सुर

बॉलीवुड के दबगं सलमान खान का नया गाना यू आर माइन गाना रिलीज हो चुका है. जिसमें वो उनके भांजे और सिंगर अयानअग्निहोत्री के साथ नजर साथ नजर आ रहे हैं.



इस गाने में खास बात ये है कि इसे सलमान खान और उनके भतीजे अयान अग्निहोत्री ने ही गाया है. यू आर माइन का संगीत विशाल मिश्रा ने तैयार किया है. जो सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगा है. इस गाने के बारे में बात करते हुए सलमान खान ने ही कहा था कि इस गाने के लिए मेरे साथ अयान भी काफी एक्साइटिड है.

वहीं अयान ने कहा था कि, सलमान मामा एक लीजेंड हैं. जिनसे मैंने काफी सीखा है. यू आर माइन में एक अविश्वसनीय अनुभव रहा था. मुझे उम्मीद है कि हम हमारे फैंस को ये काफी पसंद आएगा और हमेशा यादगार रहेगा.

इस गाने में सलमान खान बहुत चार्मिंग लुक में नजर आ रहे हैं. उन्होंने व्हाइट शर्ट और मैचिंग पेंट पहनी हुई है. वहीं सोशल मीडिया पर एक्टर के लुक को काफी पसंद किया जा रहा है. एक यूजर ने एक्टर के गाने पर कमेंट करते हुए लिखा कि वाह वाह बहुत बढिय़ा गाना. वहीं दूसरे ने लिखा, बहुत चार्मिंग लग रहे हैं. तीसरे ने लिखा खूबसूरत गाना.

सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर को आखिरी बार फिल्म 'टाइगर 3' में देखा गया था. फिल्म में कैटरीना कैफ के साथ एक्टर की जोड़ी फैंस को देखने को मिली थी. वहीं इमरान हाशमी पहली बार फिल्म में नेगेटिव किरदार में नजर आए थे.

# बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में की हालत खराब

अक्षय कुमार की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'खेल खेल में' बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करते हुए दो हफ्ते हो चुके हैं. दरअसल श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 2' में इस फिल्म को ऐसी पटखनी दी है कि ये चारों खाने चित्त हो चुकी है. इस फिल्म को दर्शकों ने पूरी तरह नकार दिया और इसी के साथ इसकी कमाई की गाड़ी भी पटरी से उतर गई. चलिए यहां जानते हैं 'खेल खेल में' ने रिलीज के 16वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

ना केवल मेकर्स बल्कि अक्षय कुमार को भी बड़ी उम्मीद थी कि उनकी फिल्म 'खेल खेल में' बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देगी. लेकिन हुआ इसका उल्टा, फिल्म पहले दिन ही डबल डिजिट में कमाई नहीं कर पाई थी और इसके बाद तो फिल्म के कलेक्शन में हर दिन गिरावट ही देखी गई. दरअसल श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 2' ने इसका पूरा खेल बिगाड़ कर रख दिया. दोनों ही फिल्मों की रिलीज को दो हफ्ते पूरे हो चुके है.




# कश्मीर में शुरू अल्फा की शूटिंग, सामने आई आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की पहली तस्वीर

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ ने यशराज स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी है. फिल्म अल्फा की शूटिंग का दूसरा शेड्यूल कश्मीर की ठंडी वादियों में हो रहा है. फिल्म अल्फा का कश्मीर में 10 दिनों का शूटिंग शेड्यूल है. यहां, हाल ही में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ पहुंची थी. अब कश्मीर की वादियों के बीच फिल्म अल्फा की शूटिंग के दौरान इन दोनों हसीनाओं की एक तस्वीर सामने आई है. इसमें दोनों ही एक्ट्रेस के बीच का प्यार देखने को मिल रहा है.



शरवरी वाघ ने कश्मीर की वादी से यह तस्वीर शेयर की है. इस तस्वीर में आलिया और शरवरी एक-दूजे के ऊपर हाथ डाले हाथ से हार्ट शेप बनाकर खड़े हुए हैं और सामने खूबसूरत झरने का नजारा दिख रहा है. शरवरी काली जैकेट में तो वहीं, आलिया को ग्रे जैकेट में देखा जा रहा है. इस तस्वीर को शेयर कर आलिया और शरवरी ने लिखा है, प्यार..अल्फा. आलिया और शरवरी की तस्वीर पर कई फैंस और सेलेब्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं. विक्की कौशल ने भी इस तस्वीर को लाइक किया है. इस तस्वीर पर 13 लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं. वहीं, ऑस्कर विनिंग फिल्म की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने भी इस तस्वीर पर फायर इमोजी छोड़े हैं. आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने इस तस्वीर पर हैंड्स क्लेप, फायर और हार्ट इमोजी शेयर किया है.

बता दें, यशराज बैनर तले बन रही फिल्म अल्फा को शिव रवैल डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में ऋतिक रोशन का भी रोल बताया जा रहा है, लेकिन मेकर्स ने स्टार कास्ट में अभी आलिया भट्ट और शरवरी वाघ पर ही मुहर लगाई है. फिल्म अगले साल रिलीज होने जा रही है. यह पहली बार जब यशराज बैनर फीमेल लीड एक्शन फिल्म बनाने जा रहा है.

# शब्द सामर्थ्य- 165

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 164 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सू-दोकू- 165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.164का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |